**2023**

# हिन्दी (सैद्धान्तिक)

# HINDI (Theory)

समय : 3 घण्टे] पूर्णांक : 80

निर्देश :

i– इस प्रश्न पत्र के 8 खण्ड क, ख, ग, घ, ड, च, छ तथा ज है। आठों खण्डों में पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

ii- उत्तर यथासम्भव क्रमवार लिखिए। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

**खण्ड – क (अपठित गद्यांश)**

**1–** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 07

हिमालय कहने से भारत वर्ष की भौगोलिक सीमा का ही केवल स्मरण नहीं होता भारत की पवित्रता का ऊँचाई का भी बोध होता है। वह पूर्व और पश्चिम समुद्र को गहाने वाला पृथ्वी का मानदण्ड मात्र नहीं है। यह है देवताम्मा। उसकी आत्मा देवता है और देवताओं की आत्मा है।

हिमालय इस बसुन्धरा का वत्स है पुराणों में कहानी आती है कि पृथ्वी बंजर होने लगी थी, प्रजा दुःख से पीड़ित होने लगी थी, देवताओं को यज्ञ भाग मिलना कठिन होने लगा था तब पृथु राजा ने पृथ्वी को डराया धमकाया। पृथ्वी ने कहा–मैने अनाचार बढ़ता हुआ देखकर रत्न, औषधियां और हरियाली अपने भीतर छिपा ली हैं। मैं गाय का रूप धारण करूँगी और तुम मेरे लिए उपर्युक्त बछड़ा ढूढों। मैं यह सारी सामग्री दूध के रूप में प्रस्तुत कर दूंगी। पृथु ने पर्वतों में नये पर्वत हिमालय को बछढ़ा बनाया और हिमालय के वात्सल्य से पिन्हाकार घरती ने रस , औषधियों से और रत्नों से मटके भर दिए। सृष्टि की यह कहानी हिमालय के अविर्भाव के बाद एक नये देश और एक नयी संस्कृति के उत्थान की कहानी है। हिमालय उस संस्कृति का अग्रदूत है जो आत्मदान में विश्वास करती है। हिमालय का बड़प्पन केवल नगाधिराज होने के कारण नहीं है उसका बड़प्पन गंगा जैसी नदियों को जन्म देने के कारण है। इन नदियों के माध्यम से हिमालय अपनी उदारता , शुचिता और समृद्धि मुक्त हस्त लुटा रहा है। ऋगवेद में इसलिए स्रष्टा के महत्व (महिमा) से हिमालय को अदभुत बतलाया गया है।

i– हिमालय कहने से भारतवर्ष की भौगोलिक सीमा के अतिरिक्त क्या बोध होता है? 02

ii- पृथु राजा ने पृथ्वी को क्यों डराया–धमकाया ? 02

iii- हिमालय का बड़प्पन किस रूप में है ? 01

iv- हिमालय कौन सी संस्कृति का अग्रदूत है ? 01

v- उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ? 01

## खण्ड – ख (रचना)

**2–** दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 08

(अ) उत्तराखण्ड में पर्यटन की संभावना–

i– पर्यटन का अर्थ

ii- उत्तराखण्ड के पर्यटन स्थल

iii- पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाएँ

iv- पर्यटन की उपयोगिता

(ब) जनसंख्या वृद्धि का संकट–

i– भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण

ii- जनसंख्या के अनुपात में घटते संसाधन

iii- अन्य समस्याएँ

iv- जनसंख्या नियंत्रण के उपाय

**3–** जनपद स्तर पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम क, ख, ग, हैं) 04

**अथवा**

अपने क्षेत्र के किसी समाचार पत्र के सम्पादक को अपने क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु एक पत्र लिखिए। (आपका काल्पनिक नाम क, ख, ग, है)

## खण्ड – ग (व्यावहारिक व्याकरण)

**4–** निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद छाँटकर उसका भेद लिखिए– 02

i– बालिका गेंद से खेल रही है।

ii- मछली तालाब में तैरती है।

**5–** यथा निर्देश उत्तर लिखिए। 02

i– लता का स्वास्थ्य अच्छा है इसलिए वह दौड़ में प्रथम आई। (समुच्चय बोधक शब्द छाँटकर लिखिए)

ii- चीता तेज दौड़ता है। (क्रिया विशेषण छाँटकर लिखिए)

**6–** निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए। 02

i– मैनें उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए )

ii- मोहन शतरंज खेलता है। (क्रमवाच्य में बदलिए)

**7–** निम्नलिखित का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 02

i– राम द्वारा धनुष मोड़ा गया। ( कर्तृवाच्य में बदलिए)

ii- भरत पुस्तक पढ़ता है। (क्रमवाच्य में बदलिए)

8—(अ) निम्नलिखित शब्दों में कौन—सा शब्द 'समुद्र' का पर्यायवाची नही है। 01

i— जलधि ii- जलद iii- नीरधि iv- अम्बुधि

(ब) निम्नलिखित में कौन—सा शब्द 'कमल' का समानार्थी है।

i— मेघ ii- नीरद iii- नीरज iv- अम्बुद

## खण्ड — घ पाठ्य पुस्तकें (क्षितिज भाग—2)

9— निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक काव्यांश के नीचे दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 04 (02+ 02)

**(अ)** बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के— से पाले,
विद्युत— छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो—
बादल गरजो!

i— कवि को बादल किसके समान लग रहा है ?

ii- बाल—कल्पना से कवि का क्या आशय है ?

iii- बादल के किस रूप को निराला ने प्रस्तुत किया है ?

**(ब)** फसल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी—काली—संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपान्तर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का

i— कवि ने फसल को 'नदियों के पानी का जादू' कहा है। उक्त कथन को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

ii- फसल के लिए 'हाथों के स्पर्श की महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?

iii- 'मिट्टी के गूण धर्म' से क्या अभिप्राय है ? वर्तमान जीवन—शैली का ' मिट्टी के गूण धर्म' पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

10— निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 04 (02+ 02)

i— भ्रमरगीत से आप क्या समझते हैं तथा भ्रमर को किसका प्रतीक माना गया है?

ii- 'अट नहीं रही है, कविता के आधार पर फागुन की आभा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

iii- 'उत्साह' कविता में बादल किन—किन अर्थो की ओर संकेत करता है?

11— i— कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है ? 01

ii- 'छाया मत छूना' कविता के माध्यम से कवि अपने पाठको को क्या संदेश देना चाहता है? 01

12— निम्नलिखित गद्यांशो को पढ़कर किसी एक गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 04 (02+ 02)

**(अ)** बालागोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरुप हुई। वह हर वर्ष गंगा— स्नान करने जाते। स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते, जितना संत—समागम और लोक — दर्शन पर। पैदल ही जाते। करीब तीस कोस पर गंगा थी। साधु को संबल लेने का क्या हक और गृहस्थ किसी से भिक्षा क्यों माँगे ? अतः घर से खाकर चलते,—तो फिर घर पर ही लौट कर खाते। रास्ते भर खँजड़ी बजाते, गाते जहाँ प्यास लगती, पानी पर लेते। चार— पाँच दिन आने—जाने में लगते; किन्तु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती! अब बुढापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानी वाली।

i— गंगा स्नान पर जाने का बालगोविन का मुख्य अभिप्राय क्या होता है ?

ii- यात्रा पर बालगोबिन न तो संबल रखते थे और न भिक्षा लेते थे, ऐसा क्यों ?

**(ब)** अत्रि की पत्नी पत्नी—धर्म पर व्याख्यान देते समय घंटो पांडित्य प्रकट करे, गार्गी बड़े— बड़े ब्रहमवादियों को हरा दे, मंडन मिश्र की सह धर्मचारिणी शंकराचार्य के छक्के छुड़ा दे! गजब! इससे अधिक भंयकर बात और क्या हो सकेगी! यह सब पापी बढ़ने का अपराध है। न वे पढ़ती, न वे पूज्यनीय पुरूषों का मुकाबला करतीं। यह सारा दुराचार स्त्रियों का पढ़ाने ही का कुफल है। समझे! स्त्रियों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरूषों के लिए पीयूष का घूँट! ऐसी ही दलीलों और दृष्टांतो के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अनपढ रखकर भारतवर्ष का गौरव बढ़ाना चाहते हैं।

i— प्राचीन भारत में स्त्री— शिक्षा की स्थिति सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

ii- स्त्रियों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरूषों के लिए पीयूष का घूंट! इस कथन से लेखक का क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए।

13— निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 04 (02+ 02)

i— 'नेताजी का चश्मा' कहानी हमें क्या संदेश देती है ?

ii- 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए कि 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ?

iii- 'पठित पाठ के आधार पर बताइए कि बालगोबिन भगत सामाजिक मान्यताओं को नहीं तानते थे ?

14— i— हालदार साहब हमेशा चौराहे पर रूकते और नेताजी को निहारते क्यों ? 'नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 02

ii- 'एक कहानी यह भी' की लेखिका का नाम बताइए। लेखिका के व्यक्तित्व पर किन लोगों का किस रूप में प्रभाव पड़ा ? संक्षेप में बताइए। 01

## खण्ड – ड (कृतिका भाग–2)

**15–** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 06(02+ 02+ 02)

i– 'माता का अँचल' पाठ में माता– पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

ii- 'जार्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था उसकी परेशानी को किस प्रकार तर्क संगत ठहराएँगे ?

iii- झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था ?

iv- 'मै क्यों लिखता हूँ' ? के आधार पर बताइए कि लेखक को कौन–सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती है ?

## खण्ड – च (विनोदिनी भाग–2)

**16–** अधोलिखितं गद्याशं पठित्वा त्रीन प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत– 06(02+ 02+ 02)
(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

चन्द्रगुप्तः मगधदेशस्य नृपः आसीत्। तस्य मन्त्री चाणक्यः आसीत्। तपोधनः सः राजतन्त्रस्य ज्ञाता आसीत्। स एकस्मिन उटजे निवसति स्म। सः वैराग्य– भावनया पूर्णः आसीत्। नृपः एकवांर चाणक्याय कम्बलानि दत्तबान्। तानि कमवलानि निर्धनेभ्यः दातुं सूचितवान्। चाणक्यस्य उटजं नगराद् बहिः आसीत्। केचन चोराः कम्बलानि अपहर्तुं चिन्तितवत्तः। ते एकदा राबौ चाणकस्य उटजं प्रविष्टवन्तः।

i– चाणक्यः कस्य मन्त्री आसीत् ?
ii- चाणक्यःकुत्र निवसति स्म ?
iii- चौराः किं चिन्तितवतः ?
iv- चौराः रात्रौ कुत्र प्रविष्टवन्तः ?

**17–** अधोलिखितं पद्यांशं पठित्वा द्वौ प्रश्नौ पूर्णवाक्येन उत्तरत– 04(02 + 02)
(निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

नितरां नीचोऽस्मीति त्वं खेदं कूप मा कृथाः।

अत्यन्त सरसहृदयो यतः परेषां गुणग्रहीतासि।।

i– कूपः किं खेदं करोति ?

ii- कविः कूपं किं कर्तुं न कथयति ?

iii- कूपः कीदृशंः अस्ति् ?

**18–** पठित पाठाधरितान त्रीन प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत– 06(02+ 02+ 02)
(पठित पाठ के आधार पर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए।)

चन्द्रगुप्तः मगधदेशस्य नृप आसीत्। तस्य मन्त्री चाणक्यः आसीत्। तपोधनः सः राजतन्त्रस्य ज्ञाता आसीत्। एस एकस्मिन उटजे विनसति स्म। सः वैराग्य– भावनया पूर्णः आसीत्। नृप एकवांर चाणक्याय कम्बलानि दत्तबान्। तानि कमवलानि निर्धनेभ्यः दातुं सूचितवान्। चाणक्यस्य उटजं नगराद बहि आसीत्। केचन चोराः कम्बलानि अपहर्तुं चिन्तितवत्तः। ते एकदा राबौ चाणकस्य उटजं प्रविष्टवन्त।

i– 'सत्सङ्गति इति शब्दस्य कः अर्थः' ?
ii- नृपः कस्मै कम्बलानि दत्तवान् ?
iii- वने विवेकानन्दं के अनुगताः ?

iv- राजा रघुः कस्य पुत्रः आसीत् ?

**19–** अधोलिखितेषु शब्देषु यथोचितं शब्दं केवलं चत्वारि रिक्त स्थानानि पूरयत–
02 (1/2 + 1/2 + 1/2 + 1/2)
(निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द चुनकर किन्हीं चार वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।)

i– पर्वतेषु हिमालय————————————————।
ii- चन्द्रगुप्त ——————————————नृपः आसीत्।
iii- किं किं न————————————————कल्पलतेव विद्या।
iv- विद्यालयं————————————————पुष्पाणि विकसन्ति।
v- ——————————————————————सर्वं प्रतिष्ठितम्।
vi- सज्जनाः————————————————————पालयन्ति।

## खण्ड – छ (संस्कृत व्याकरण)

**20–** अधोलिखितेभ्यः यथानिर्देशं केवलं चत्वारि प्रश्नान् उत्तरत 04 (01+ 01+ 01+ 01)
(निम्नलिखित में से निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।)

i– सन्धिं कुरूत (सन्धि कीजिए)–
मधु + अरिः, पो0 + इत्रः

ii- सन्धि विच्छेदं कुरूत (सन्धि विच्छेद कीजिए)
पित्राज्ञा, हरेऽव

iii- समास विग्रह कृत्वा समासस्य नामोल्लेखं कुरूत।
(समास विग्रह कर समास का नाम भी लिखिए।)
धनहीनः, चक्रपाणिः

iv- अद्योखिताभ्यां पदाभ्यां उपसर्ग पृथक कृत्वा लिखत।
(निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग अलग कर लिखिए)
प्रत्यक्षम्, दुस्तरः

v- कोष्ठकात शुद्धं चित्वा रिक्त स्थानं पूरयत्–
(कोष्ठक में दिय गये शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूति कीजिए।)
अ– बालकः————————————————क्रीडति। (कन्दुकात/कन्दुकेन)
ब- सा———————————————— विभेती। (सर्पात्/सर्पेण)

## खण्ड – ज (वाक्य रचना व अनुवाद)

**21–** निम्नांकित शब्दसूचीतः चतुर्णाम् शब्दानां वाक्यप्रयोगं कुरूत–
02 (1/2 + 1/2 + 1/2 + 1/2)
(निम्नशब्दों में से किन्हीं चार वाक्यों में प्रयोग कीजिए)
की पूर्ति कीजिए।)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i– | सः | ii- | गमिष्यामि | iii- | रामस्य |
| iv- | आसीत् | v- | वयम् | vi- | जिध्रति |

**अथवा**

अधोलिखितेभ्यः वाक्येभ्यः द्वयोंः संस्कृतानुवादं कुरूता– 02(01+ 01)
(निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।)

i– छात्र विद्यालय को जायेंगे।

ii- लता ने गीत गाया।

iii- गाय दूध देती है।